Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:01 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 250 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 2 अप्रैल 2025

मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने की सिकंदर...पेज-3 पर

## चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन जानें मां स्कंदमाता की पूजा विधि क्या है

नवरात्रि के पांचवे दिन मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। मां स्कंदमाता सिंह पर विराजमान हैं और उनकी चार भुजाएँ हैं। उनकी ऊपर की दायीं और बायीं भुजा में कमल के पुष्प सुशोभित हैं। नीचे की दायीं भुजा में वे भगवान कार्तिकेय को गोद में धारण किए हुए हैं, जबकि नीचे की बायीं भुजा से वे अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं।

मां का यह स्वरूप ममता और वात्सल्य का प्रतीक है। उनकी उपासना करने से संतान हीन व्यक्ति को संतान की प्राप्ति होती है। साथ ही, संतान की रक्षा भी होती है। संतान का भाग्य चमक उठता है। ऐसे में आइए ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से जानते हैं कि मां स्कंदमाता की पूजा कैसे करें, उनके किन मंत्रों का जाप करें, उन्हें कौन-सा भोग अर्पित करें, उनकी आरती, प्रिय रंग और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी। प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें। माता स्कंदमाता के पूजन के लिए सफ़ेद या पीले रंग के वस्त्र धारण करना विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। पूजा स्थल पर मां स्कंदमाता की प्रतिमा या चित्र को एक चौकी पर स्थापित करें और मूर्ति रखने से पहले चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाएं। माता के समक्षघी का दीपकप्रज्वलित करें और संकल्प लें कि आप विधिपूर्वक उनकी पूजा करेंगे।

पूजन के दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और घर-परिवार के कल्याण की कामना करें। पूजन के उपरांत माता स्कंदमाता की आरती करें और उनकी प्रिय वस्तुओं का भोग अर्पित करें। भोग अर्पण के बाद इसे पूरे परिवार में वितरित करें और स्वयं भी ग्रहण करें।

मां स्कंदमाता को प्रसन्न करने के लिए नवरात्रि के पांचवे दिन उनके इन चार मंत्रों का जाप अवश्य करना चाहिए। ध्यान मंत्र- ? ऐं ह्रीं क्लीं स्कन्दमातायै नमः ॥ इस मंत्र के जाप से भक्त को शुभता और आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। बीज मंत्र- ? देवी स्कन्दमातायै नमः ॥ का उच्चारण करने से मां कूष्माण्डा की कृपा प्राप्त होती है और साधक को शक्ति व ऊर्जा मिलती है। **स्तोत्र मंत्र**- वन्दे वाञ्छित कामार्थे चन्द्रार्धकृतशेखराम्। सिंहरूढ़ा चतुर्भुजा स्कन्दमाता यशस्विनीम।। इस मंत्र के माध्यम से भक्त मां की कृपा एवं आशीर्वाद प्राप्त करता है और उसके जीवन में सकारात्मकता आने लगती है।

**वहीं, अष्टभुजा देवी मंत्र**- पटाम्बर परिधानां मृदुहास्या नानालङ्कार भूषिताम्। मञ्जीर, हार, केयूर, किङ्किणि, रत्नकुण्डल धारिणीम। का जाप करने से मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है और सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है एवं सुख-सौभाग्य एं वृद्धि होती है।



### मां स्कंदमाता की आरती

जय तेरी हो स्कंद माता। पांचवां नाम तुम्हारा आता॥
सबके मन की जानन हारी। जग जननी सबकी महतारी॥
तेरी जोत जलाता रहू मैं। हरदम तुझे ध्याता रहू मै॥
कई नामों से तुझे पुकारा। मुझे एक है तेरा सहारा॥
कही पहाडो पर है डेरा। कई शहरों में तेरा बसेरा॥
हर मंदिर में तेरे नजारे। गुण गाए तेरे भक्त प्यारे॥
भक्ति अपनी मुझे दिला दो। शक्ति मेरी बिगड़ी बना दो॥
इंद्र आदि देवता मिल सारे। करे पुकार तुम्हारे द्वारे॥
दुष्ट दैत्य जब चढ़ कर आए। तू ही खंडा हाथ उठाए॥
दासों को सदा बचाने आयी। भक्त की आस पुजाने आयी॥

### मां स्कंदमाता का भोग

- मां स्कंदमाता को विशेष रूप से हलवा, मालपुआ और दही का भोग अर्पित किया जाता है। इसके अलावा, सफेद रंग की मिठाई या दूध से बनी मिठाइयां भी मां को चढ़ाई जा सकती हैं। मां की आरती के बाद भोग अर्पित करें और फिर इसे प्रसाद रूप में सभी भक्तों में वितरित करें।
- भोग अर्पित करते समय यह सुनिश्चित करें कि मां की आराधना पूर्ण श्रद्धा और शुद्ध भाव से की जाए। भोग लगाते समय माता से उसे ग्रहण करने की प्रार्थना करें और उन्हें प्रेमपूर्वक आमंत्रित करें।
- अगर हमारी स्टोरीज से जुड़े आपके कुछ सवाल हैं, तो वो आप हमें कमेंट बॉक्स में बता सकते हैं और अपना फीडबैक भी शेयर कर सकते हैं। हम आप तक सही जानकारी पहुंचाने का प्रयास करते रहेंगे। अगर आपको ये स्टोरी अच्छी लगी है, तो इसे शेयर जरूर करें। ऐसी ही अन्य स्टोरी पढ़ने के लिए जुड़ी रहें हरजिंदगी से।



# 270वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में चलाया जा रहा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 270वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में कुमाऊं मंडल विकास निगम पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। गुरुरानी ने कहा कि 3 जुलाई 2024 से चले इस अनूठे पौधारोपण आंदोलन में जहां समूचे कुमाऊं और गढ़वाल मंडल में पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया वहीं दूसरी ओर विभिन्न माध्यमों से मुख्यमंत्री को पौधे के साथ ज्ञापन कार्यक्रम के तहत पौधा लगाकर ज्ञापन प्रेषित किए गए।

निगम प्रशासन व शासन स्तर पर वार्ता भी हुई, कई समस्याओं का समाधान भी हुआ लेकिन मुख्य मांग नियमितीकरण पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दोनों निगमों के प्रशासन द्वारा कई मांगों पर कोई कार्रवाई तक नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि आंदोलन के स्लोगन- देवभूमि में पर्यटक यात्री बनकर आईए- पौधारोपण स्वच्छता आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यावरण मित्र बनकर जाइए कार्यक्रम के तहत पर्यटकों को इस मुहिम से जोड़ा गया। पर्यटक भी पौधारोपण कर उत्तराखंड राज्य से प्रकृति संरक्षण का एक अच्छा संदेश लेकर गए।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण आंदोलन को 9 माह बीत चुके हैं यानी 3 जुलाई 2024 से लेकर अब तक 45000 से ज्यादा पौधों का रोपण किया जा चुका है जो राज्य में ही नहीं देश में भी एक रिकॉर्ड होगा, जिसमें कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रकृति संरक्षण का आंदोलन चलाते हैं। वहीं कर्मचारी निगम हित व राज्यहित में अपने कार्यालयों में कार्य करते हैं। आज के पौधारोपण कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, दीपक, गोपाल बिष्ट, नरेंद्र सिंह व नरेंद्र थापा उपस्थित रहे।






# 12 किलो कुट्टू का आटा नष्ट किया, सेंपल भरे

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे की अस्थाई राजधानी देहरादून में कुट्टू का आटा खाने से साढ़े तीन सौ से अधिक लोगों की हालत बिगड़ने के बाद नैनीताल में खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आया है। टीम की ओर से चलाये अभियान में 12 किलो कुट्टू का आटा नष्ट किया, वहीं परीक्षण के लिए दो दुकानों से सेंपल भरे गए हैं।

बता दें कि देहरादून में कुट्टू का आटा खाने वाले साढ़े तीन सौ से अधिक लोगों की हालत बिगड़ गई थी, जिसके बाद मंगलवार को नैनीताल में खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में दिखा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह ने राजस्व निरीक्षक प्रकाश सैनी व अन्य विभागीय कर्मियों के साथ मिलकर अभियान चलाया। टीम ने तल्लीताल तथा मल्लीताल व बड़ा बाजार क्षेत्र स्थित परचून की दुकानों का निरीक्षण कर कुट्टू का आटा बेचने वाली दुकानों में छापेमारी की । जयलाल साह बाजार में मोतीराम कांडपाल एंड कंपनी में कुट्टू का आटा बरामद हुआ, वहीं नैनीताल क्लब के समीप नरेश चंद्र पांडे की दुकान में भी तीन किलो आटा पाया गया। अभय सिंह ने बताया कि दोनों ही दुकानों से सेंपल लेने के साथ करीब 12 किलो आटा नष्ट करा दिया गया है, साथ ही दुकानदारों को नमी वाला कुट्टू का आटा नहीं बेचने के निर्देश दिए हैं। बताया कि आटे में नमी होने से एक प्रकार की फ फू द बन जाती है, जिसे खाने से तबीयत बिगड़ जाती है।

# शीघ्र ही संशोधित शासनादेश जारी करने की मांग की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

बीते रोज शिक्षा महकमे में नवीन शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है परंतु कक्षा एक में प्रवेश को लेकर 6 वर्ष की आयु की बाध्यता के कारण गुरुजनों में बेचैनी का आलम है पहले से ही न्यून छात्र नामांकन से जूझ रहे सरकारी विद्यालयों में इस आदेश के चलते कोढ़ में खाज की स्थिति हो रही है। विद्यालयों की नजर निदेशालय की ओर बनी हुई है की कब इस मामले में कोई संशोधित आदेश जारी हो। उल्लेखनीय है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कक्षा एक में न्यूनतम प्रवेश की आयु सीमा 6 वर्ष निर्धारित की गई है इसमें भी आदेश की भाषा में जटिलता होने के कारण मामला और पेचीदा हो गया है क्योंकि जारी आदेश में स्पष्ट उल्लेख है की कक्षा एक में उन्हें बच्चों को प्रवेश दिया जाए जिनकी उम्र सीमा 31 मार्च अथवा 1 अप्रैल को 6 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जिन बच्चों की उम्र 2 अप्रैल अथवा उसके पश्चात 6 वर्ष पूरी होती है तो क्या वह पूरे वर्ष भर विद्यालय में प्रवेश से वंचित रहेंगे? उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने इस मुद्दे को शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अंतर्गत आयु सीमा में छूट दिए जाने तथा शासनादेश की भाषा में आंशिक संशोधन करने की मांग की थी परंतु लगभग दो सप्ताह के उपरांत भी कोई कार्रवाई न होने से विद्यालय में प्रवेश को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। श्री तिवारी ने इस संदर्भ में सभी सक्षम स्तरों को अवगत कराते हुए पत्र भेजा था जिसमें जारी आदेश की भाषा में 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को प्रवेश देने की मांग के साथ-साथ प्री-प्राइमरी अर्थात बाल वाटिका के आधार पर आयु सीमा में छूट दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई थी परंतु आज यानी मंगलवार को जब नवीन सत्र शुरू हो चुका है लेकिन अभी तक कोई संशोधित आदेश जारी नहीं हुआ है जिसको लेकर वहां पहुंचे की स्थिति बनी हुई है। तिवारी ने इस संदर्भ में पुन: अनुसरण पत्र भेज कर शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की है, उन्होंने कहा की आदेश में विलंब का लाभ निजी विद्यालय को मिलना स्वाभाविक है साथ ही विभाग द्वारा नामांकन वृद्धि हेतु चलाई जाने वाले प्रवेश उत्सव जैसे कार्यक्रम भी अर्थहीन हो जाते है। उन्होंने शीघ्र ही संशोधित शासनादेश जारी करने की मांग की है।

## NEWS / फटाफट

### यूसीसी के विभिन्न प्रावधानों को कोर्ट में चुनौती

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट में यूसीसी को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई नहीं हो पायी। कोर्ट इस मामले में नये सिरे से तारीख तय करेगी। यूसीसी के विभिन्न प्रावधानों को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। इस मामले में लगभग एक दर्जन याचिकाएं दायर की गयी हैं। इनमें यूसीसी की वैधता के साथ ही लिव इन रिलेशनशिप के प्रावधानों के खिलाफ दायर की गयी हैं। मुख्य न्यायाधीश जी0 नरेन्द्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में मंगलवार को 9 याचिकाएं सूचीबद्ध हुईं। सरकार की ओर से जवाब पेश करने के लिये समय सीमा की मांग की गयी। कोर्ट ने सरकार की मांग को स्वीकार कर लिया और सभी याचिकाओं पर सुनवाई के लिये नई तारीख तय करने की बात कही। अब नये सिरे से तिथि तय होगी।

### कूड़े में धधकी आग, देर रात हड़कंप मचा



**नैनीताल ।** नगर के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के शव गृह के समीप जमा कूड़े में धधकी आग से देर रात हड़कंप मच गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे पालिका कर्मी ने अस्पताल से बाल्टियों में पानी लाकर आग पर काबू पाया,दूसरी ओर शेर का डांडा और अयारपाटा क्षेत्र में भी अराजक तत्वों की ओर से लगाई आग पर वन विभाग ने काबू पाया। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात जिला अस्पताल के शव गृह के बगल में जमा कूड़े में किसी अराजक तत्व ने आग लगा दी, कुछ देर बाद आग धधकी तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे पालिका कर्मी शनि ने कूड़े में आग लगी देखी तो बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग ने भयानक रूप ले लिया था। जिसके बाद उसने आनन फ ानन में जिला अस्पताल से बाल्टियों से जलती आग के ऊपर पानी डाला। लगभग आधे घण्टे की मशक्कत के बाद उसने आग पर काबू पा लिया। दूसरी ओर नगर के अयारपाटा और शेर का डांडा में भी अराजक तत्वों ने रास्ते के किनारे कूड़े में आग लगाई। नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा ने बताया कि सूचना के बाद टीम में शामिल कर्मचारियों ने आग बुझा दी।

### कार व स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार चोटिल, कार चालक को जमकर पीटा

**नैनीताल ।** नगर के सूखाताल क्षेत्र में सड़क पर एक कार और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार चोटिल हो गया। इस दौरान चोटिल युवक के साथियों ने कार चालक को जमकर पीट दिया। राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में उपचार के बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रूद्रपुर निवासी मो. जावेद सूखाताल में अपनी कार से पार्किंग की ओर जा रहा था। इस दौरान उनकी कार और मल्लीताल निवासी अभिषेक की स्कूटी की भिड़ंत हो गई। जिससे स्कूटी सवार अअभिषेक के पैर पर चोट आ गई। इस दौरान कुछ लोग चोटिल को अस्पताल ले गए लेकिन कुछ लोगों ने पर्यटक को पीट दिया, जिसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली आ धमके। दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते हुए झगड़ते रहे। पुलिस के सख्ती दिखाने के बाद दोनों पक्ष शांत हुए। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि चोटिल युवक का उपचार कराने के नाम पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। लापरवाही से वाहन चलाने पर रुद्रपुर निवासी मो. जावेद के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है साथ ही पर्यटकों के साथ मारपीट करने वालों का पता लगाया जा रहा है।

### सड़क किनारे से बाइक हटाने पर पुलिस कर्मी की अंगुली फैक्चर

नैनीताल । नैनीताल में सडक किनारे से बाइक हटाने के दौरान यातायात पुलिस कर्मी की अंगुली फैक्चर हो गई है, उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। बता दें कि मंगलवार को पुलिस ने सडक किनारे से बाइकों को क्रेन से हटाया। मल्लीताल में बाइक उठाने के दौरान यातायात पुलिस के क्रेन चालक की अंगुली कट गई। हाथ से खून निकलने के बाद पुलिसकर्मी को उनके साथी राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने एक्सरे कर उनका उपचार किया। अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि अनूप शर्मा की अंगुली कटने के साथ फ्रैक्चर हुई है, प्राथमिक उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित

**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**

**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**

दूरभाष : 05946-224556

फैक्स:05946-283801

e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com

www.dainikuttaranchaldeep.com

आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558

समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।

संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# गजेन्द्र सौन ने कार्यभार ग्रहण कर मूल्यांकन केन्द्रों का निरीक्षण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अपर निदेशक प्रारम्भिक/ माध्यमिक शिक्षा कुमायूँ मण्डल नैनीताल के पद पर मंगलवार को गजेन्द्र सिंह सौन ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अपर निदेशक सौन ने कहा किसी भी प्रकार से कोई भी शासकीय कार्य लम्बित नहीं रखे जाय। उन्होंने प्रभार ग्रहण करने के बाद मूल्यांकन केन्द्रों का औचक निरीक्षण भी किया।

बता दें कि अपर निदेशक अम्बादत्त बलोदी के सेवानिवृत्ति के उपरान्त कुमाऊं मंडल के वरिष्ठतम मुख्य शिक्षा अधिकारी बागेश्वर गजेंद्र सिंह सौन को अपर निदेशक का प्रभार सौपा गया है। श्री सौन ने प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा के मण्डलीय कार्यालय में अधिकारियों एवं कार्मिको की बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर कार्यालय के कार्मिकों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

इधर अपर निदेशक सौन ने प्रभार ग्रहण करने के उपरान्त बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्यों की जानकारी हासिल की। इस अवसर पर उनके द्वारा राजकीय बालिका इन्टर कालेज हल्द्वानी तथा एमबी इंटर कालेज हल्द्वानी में बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की समीक्षा भी की गयी। वर्तमान में इन मूल्यांकन केन्द्रों में लगभग 90 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकायें जांची जा चुकी है। उन्होंने कहा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में बेहद सावधानी बरती जाय व निर्धारित समय पर मूल्यांकन कार्य पूर्णकर लिया जाय। इस अवसर पर उप नियंत्रक डी0 के0 पन्त, सी0 पी0 भट्ट तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जगमोहन रौतेला मौजूद रहे।

# विद्यारम्भ संस्कार को लेकर दिव्य भव्य हवन का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूल पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल में कक्षा 6 में प्रवेश हुए। 120 छात्रों का भारतीय संस्कृति एवं सनातन को लेते हुए विद्यारम्भ संस्कार के उपलक्ष्य में एक दिव्य भव्य हवन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय प्रधान (अमरोहा), मुख्य अतिथि राहुल (जिला प्रचारक) एवं विशिष्ट अतिथि कर्नल द्विवेदी रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम दीप मंत्र एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हवन की प्रक्रिया पूर्ण की गई । इस समस्त कार्यक्रम का दारोमदार कक्षा 7 के भैयाओं का था।

तदुपरांत कक्षा 7 के भैयाओं ने स्वागत गीत एवं भाषण के माध्यम से बच्चों का तिलक लगाकर तथा पटका पहनाकर एवं उपहार देकर उनका स्वागत किया । कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने भारतीय संस्कार, सनातनी जीवन मूल्य एवं अनुशासन के साथ छात्रों के विकास की सर्वांगीण विकास की बात रखी और सभी माताओं से आह्वान किया कि वह अपने पूजन स्थल पर अपने बेटे के सर्वांगीण विकास हेतु एक दीपक 21 दिनों तक जरूर जलाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के पर विषय पर प्रकाश डाला। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने सभी अभिभावकों व आगंतुकों एवं छात्र भैयाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में संजय मिश्रा, सौरभ, अतुल पाठक, तुषार पंवार तथा उमेश जोशी व तुषार इत्यादि मौजूद थे। अंत में संस्था के प्रधानाचार्य डा.सूर्य प्रकाश ने सभी का आभार जताया।



# अभिमत



## कृषि के लिए चिंताजनक

*उत्तराखंड में कृषि भूमि का क्षेत्रफल करीब 17 प्रतिशत कम हो गया है। अनाज के उत्पादन में हजारों मीट्रिक टन की कमी आई है। खाद्यान्न के मामले में उत्तराखंड आत्मनिर्भर था, परन्तु अब दूसरे राज्यों का मुंह ताकना पड़ सकता है। खेती की भूमि कम होने का मुख्य कारण उद्योगों की स्थापना, सड़क और आवासीय कालोनियों के लिए भूमि का अधिग्रहण तथा गांवों का शहरीकरण है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में मौसम की विषम परिस्थितियों के कारण खाद्यान्न का उत्पादन पहले से ही कम होता है। भाबर और तराई की उपजाऊ भूमि में अनाज का उत्पादन होता है।*

उत्तराखंड में कृषि भूमि का क्षेत्रफल सिमटता जा रहा है। अधिक उपज देने वाले हाइब्रिड प्रजाति के बीजों और रासायनिक खाद के अंधाधुंध इस्तेमाल से अनाज का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करने के कारण मृदा की उपजाऊ क्षमता का ह्रास हो रहा है। खेती की भूमि बंजर होती जा रही है। यह समस्या देशव्यापी है, लेकिन उत्तराखंड के पर्वतीय व तराई में खेती की जमीन के क्षेत्र में लगातार कमी आना भविष्य के लिए चिंताजनक है। कृषि विभाग के अनुसार वर्ष 2011 से 2023 तक राज्य में कृषि भूमि का क्षेत्रफल 17 प्रतिशत कम हो गया था। अनाज के उत्पादन में हजारों मीट्रिक टन की कमी आई है। खाद्यान्न के मामले में उत्तराखंड आत्मनिर्भर था, परन्तु अब दूसरे राज्यों का मुंह ताकना पड़ सकता है। खेती की भूमि कम होने का मुख्य कारण उद्योगों की स्थापना, सड़क और आवासीय कालोनियों के लिए भूमि का अधिग्रहण तथा गांवों का शहरीकरण है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में मौसम की विषम परिस्थितियों के कारण खाद्यान्न का उत्पादन पहले से ही कम होता रहा है। भाबर और तराई की उपजाऊ भूमि में अनाज का भारी उत्पादन होता है। तराई को रोटियों की डलिया कहा जाता है। पंतनगर को हरित क्रांति की जन्मस्थली का सम्मान प्राप्त है। कृषि वैज्ञानिकों ने अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के बीज तैयार करके पूरे देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। हरिद्वार और उधमसिंह नगर की भूमि कृषि की दृष्टि से अतिउत्तम श्रेणी की है। भूगर्भीय जल स्तर अच्छा होने से फसल की सिंचाई आसानी से हो जाती है। उत्तर प्रदेश से अलग राज्य का गठन होने के बाद तराई में औद्योगिक आस्थानों को विकसित कर सैकड़ों बड़े उद्योग स्थापित किये गये। फोरलेन सड़कों का निर्माण किया गया। कालोनियां विकसित की गईं। बेहिसाब कृषि भूमि का अधिग्रहण किया गया। गांवों व जंगल में पेड़ों का अंधाधुंध कटान किया गया। हरी-भरी तराई को कंक्रीट की इमारतों व सड़कों से रेगिस्तान में तब्दील कर दिया गया। कृषि वैज्ञानिकों के योगदान से लाई गई हरित क्रांति से खाद्यान्न के मामले में सम्पन्न तराई को औद्योगिक क्रांति और विकास के नाम पर विनाश की ओर बढ़ाया जा रहा है। पेड़ कटने और कच्ची जमीन कम होने से वर्षा का जल भूमि नहीं सोख पा रही है। भूगर्भीय जल स्तर गिरता जा रहा है। उद्योग के अपशिष्ट के तौर पर निकलने वाला जहरीला पानी तराई की भूमि के जल को प्रदूषित कर रहा है। आरओ से शोधित करके पानी पीने को लोग मजबूर हैं। फसल की सिंचाई के लिए पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। अर्थव्यवस्था के लिए उद्योग आवश्यक हैं। उद्योग स्थापित करने के लिए उपजाऊ भूमि को बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अनुपजाऊ और ऊसर जमीन का इस्तेमाल होना चाहिए।

# खाई में गिरा ट्रक, एसडीआरएफ ने तीन लोगों को सुरक्षित निकाला

**टिहरी**

**हमारे संवाददाता**

टिहरी बनकोट गांव के पास एक ट्रक 400 मीटर गहरी खाई में गिर गया। एसडीआरएफ टीम ने तीन घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टिहरी जिले बनकोट के पास एक ट्रक गहरी खाई में गिरा गया। हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

बुधवार सुबह जिला नियंत्रण कक्ष टिहरी से सूचना मिली कि चंबा-कंडीसौर मार्ग पर एक ट्रक बनकोट गांव के पास गहरी खाई में गिर गया है, जिसमें तीन लोग सवार हैं। रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ टीम की सहायता मांगी गई। पोस्ट कोटी कॉलोनी से अपर उपनिरीक्षक दीपक मेहता के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर



रवाना हुई। ट्रक लगभग चार सौ मीटर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। एसडीआरएफ और जिला पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। स्ट्रेचर की मदद से घायलों को मुख्य मार्ग तक लाकर एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

घायलों में विजय बिष्ट (20 ), पुत्र सुरेश सिंह, निवासी झड़ीपानी, चंबा, टिहरी। विनोद (30), निवासी वनचौरा। श्रीमती संतोष (34), पत्नी शिवम धानी, निवासी खड़की, सुनहरा, सरस्वती बिहार।

## गौतस्करों पर देहरादून पुलिस की कड़ी कार्रवाई

**देहरादून।** पुलिस गौकशी और गौतस्करी में शामिल बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार सुबह टीम ने पंद्रह हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया।

देहरादून पुलिस ने गौकशी के मामलों में वांछित शातिर बदमाश एहसान को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पंद्रह हजार के इनामी एहसान (22) की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। बुधवार सुबह सहसपुर क्षेत्र के तिमली धर्मावाला के पास पुलिस चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार बदमाश को रोका गया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस टीमों ने उसका पीछा किया, जिसके बाद तिमली के जंगल में बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की, जिससे बदमाश के पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ में घायल बदमाश को विकासनगर के अस्पताल ले जाया गया। मौके पर पहुंचे देहरादून एसएसपी और एसपी विकासनगर ने अस्पताल में अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। सहारनपु का रहना वाला गिरफ्तार बदमाश एहसान गौकशी के कई मामलों में शामिल रहा है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मै0 जागनाथ आलू फल सेंटर के नाम से फर्म का पंजीकरण कराया गया था जिसका दिनांक 22.03.2025 को फर्म के भागीदार श्रीमती पार्वती देवी फर्म से अलग हो गयी हैं। तथा फर्म का विघटन कर दिया गया है, यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उप निबंधक कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

**- भागीदार**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम उदय नेगी से बदलकर उदय सिंह नेगी रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे उदय सिंह नेगी नाम से जाना पहचाना जाए। - **उदय सिंह नेगी पुत्र डूंगर सिंह नेगी, गोरापड़ाव, धौलाखेड़ा, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# पुलिस ने सड़क किनारे खड़ी बाइकों को हटवाने के लिए मुनादी कर अपील की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल में दोपहियां वाहनों के सडक़ किनारे पार्क होने से जाम की समस्या बनी हुई है, जिसको देखते हुए यातायात व कोतवाली व थाना पुलिस ने मंगलवार को सड़क किनारे खड़ी बाइकों को हटवाने के लिए मुनादी कर अपील की।

कई बार अपील के करने के बाद भी बाइकें नहीं हटी तो पुलिस ने बाइकों को अपने वाहन में ढोकर स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की जिससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। बता दें कि शहर में सडक़ किनारे खड़े दोपहियां वाहन यातायात व पैदल चलने वाले लोगों के लिए समस्या बने हुए हैं। जिला प्रशासन की ओर से बीडी पांडे जिला अस्पताल, तल्लीताल धर्मशाला के सामने जूनियर हाईस्कूल परिसर व मल्लीताल लकड़ी टाल के समीप बाइकों को पार्क करने के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित कर दिये हैं



लेकिन इसके बाद भी मालरोड समेत अन्य मुख्य मार्गों में पार्क बाइकें जाम का कारण बन रहे हैं।

मंगलवार को कोतवाली पुलिस, यातायात पुलिस ने मल्लीताल और थाना पुलिस ने तल्लीताल में सडक़ किनारे पार्क बाइकों को हटवाने को मुनादी की लेकिन कई बार मुनादी के बाद भी कई बाइके सडक़ किनारे ही पार्क रहीं, जिसके बाद पुलिस ने क्रेन मंगवाकर वाहनों को जब्त करना शुरू किया तो बाइक चालकों में हड़कंप मचा रहा। आनन-फ ानन लोग बाइकों को हटाने पहुंचे। मामले मे एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि पुलिस की ओर से लगभग 25 बाइक स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की है। बताया कि सडक़ों से पार्क वाहन हटाने का अभियान लगातार चलाया जाएगा।

## फिल्मी दुनिया

# मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने की सिकंदर का बहिष्कार करने की मांग



*सलमान खान की फिल्म सिकंदर मुश्किल में फंस गई है। एक मुस्लिम कार्यकर्ता ने लोगों से सिकंदर का बहिष्कार करने की मांग की है। सलमान खान की सिकंदर 30 मार्च को रिलीज हुई, जिसे समीक्षकों और दर्शकों से ज्यादातर नकारात्मक प्रतिक्रियाएं ही मिलीं। फिल्म की कमाई में भी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, अब यह फिल्म एक और मुश्किल में फंसती नजर आ रही है। दरअसल, मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने निर्देशक पर इस्लामोफोबिया का आरोप लगाते हुए सिकंदर के बहिष्कार का आह्वान किया है। मुंबई के वकील और कार्यकर्ता शेख फैयाज आलम ने मुसलमानों से इस ईद पर एआर मुरुगादॉस की फिल्म सिकंदर का बहिष्कार करने का आग्रह किया है। उन्होंने थुप्पक्की में निर्देशक के पिछले इस्लामोफोबिक कहानी का हवाला दिया है। फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट्स के अनुसार, आलम ने कहा कि मनोरंजन पर खर्च करने के बजाय, गाजा के लिए दान करें और मुस्लिम शिक्षा, कानूनी सहायता और राजनीतिक सशक्तिकरण में निवेश करें। सिकंदर की बात करें तो सलमान खान की इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 78.81 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसने दुनियाभर में 95 करोड़ रुपये कमाए हैं।*

### इजरायली उत्पादों के बहिष्कार का आह्वान

*सिकंदर में रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी, सत्यराज और अन्य कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

*आलम ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पेश होने के साथ ही सवाल उठ रहे हैं कि क्या नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान जैसे नेता मुसलमानों के साथ खड़े होंगे या उन्हें धोखा देंगे। आलम ने इजरायली उत्पादों के बहिष्कार का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि फिलिस्तीन की रक्षा करना इस्लाम की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, यह जश्न मनाने का समय नहीं है। यह त्याग का समय है।*

# कृषि एवं कृषक कल्याण और संपदा विभाग के सचिव का फेसबुक अकाउंट हैकर्स के निशाने पर

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड सरकार में कृषि एवं कृषक कल्याण और संपदा विभाग के सचिव, आईएएस अधिकारी विनोद कुमार सुमन का फेसबुक अकाउंट हैकर्स की निशानी बन गया है। हैकर्स ने उनके नाम से एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजना शुरू कर दिया है। इस घटना ने एक बार फिर साइबर सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

**सचिव ने जारी की चेतावनी:** विनोद कुमार सुमन ने इस मामले को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि, किसी ने 'विनोद क सुमन' नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर कई लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी है।

यह अकाउंट मेरा नहीं है, बल्कि किसी ने गलत फायदा उठाने के लिए बनाया है। यह एक तरह का फ्रॉड (धोखाधड़ी) है। मेरा निवेदन है कि ऐसी किसी भी फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें और अगर किसी ने गलती से स्वीकार कर लिया है, तो उसे तुरंत 'रिपोर्ट' करके 'अनफ्रेंड' कर दें। साइबर अपराधी अब किसी भी स्तर के अधिकारी को निशाना बनाने से नहीं हिचकिचा रहे। उत्तराखंड में पिछले कुछ समय से साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़े हैं, जिसमें फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को ठगा जाता है।

विनोद कुमार सुमन एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में उत्तराखंड सरकार में कृषि एवं कृषक कल्याण और संपदा विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले उन्होंने कई महत्वपूर्ण विभागों में सेवाएं दी हैं, जिनमें सचिवालय प्रशासन,सामान्य प्रशासन,शहरी विकास,प्रोटोकॉल विभागशामिल हैं।

इसके अलावा, वह अल्मोड़ा, चमोली और नैनीताल जिलों में जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के पद पर भी रह चुके हैं। अधिकारियों तक को हैकर्स के निशाने पर देखकर स्पष्ट है कि साइबर अपराधी अब किसी को नहीं छोड़ रहे। ऐसे में साइबर क्राइम को लेकर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

## News कॉर्नर

### पिंगला देवी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नैनीताल ।** जिले के भीमताल ब्लाक के खुर्पाताल स्थित पिंगला देवी मंदिर में मंगलवार को भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान कथा व्यास साध्वी सर्वा भारती की ओर से राम कथामृत की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि राम मन -मन में राम तन- तन में तथा राम पूरे विश्व में राम हैं। उन्होंने कहा भक्तों की भीड़ को देखकर मुझे राम की नगरी नजर आ रही है ऐसे भक्त जो सुबह से ही इस कथा को सुनने के लिए आए हैं। व्यास साध्वी सर्वा और उनके सहयोगियों ने इस दौरान कई भजन गाए और खुर्पाताल क्षेत्र का माहौल भी भक्तिमय कर दिया। राम कथामृत का आयोजन जीवन नेगी, जीवन बिष्ट, दीपक सिंह, अजय, हरीश, भास्कर आदि भक्तजनों की ओर से सामूहिक रुप से किया जा रहा है। कार्यक्रम 6 अप्रैल (रविवार) तक चलेगा।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर सघन चेकिंग अभियान



**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल में मंगलवार को कोतवाली पुलिस की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों, पर्यटक स्थलों पर मदिरा पीने, यातायात नियमों का पालन न करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गयी। मंगलवार को दिनभर में एमबी एक्ट के तहत कुल 26 वाहनों का चालान कर 12 हजार 500 रुपया संयोजन शुल्क वसूला गया तथा एक वाहन को सीज किया जबकि पुलिस एक्ट के तहत 10 वाहनों का चालान कर ढाई हजार रुपया संयोजन शुल्क वसूला गया।

# स्वच्छंद जीवन व पृथ्वी, प्रकृति से छेड़छाड़ से आती है भूकंप सरीखी आपदाए: जगद्गुरु श्री वसंत महाराज

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**





परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने यहां एमबीपीजी इंटर कॉलेज ग्राउंड में चतुर्दश दिवसीय श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा यज्ञ पूजा महोत्सव में मंगलवार को तीसरे दिन नवरात्रि की नायिका देवी मां पद्मावतीजी की अनंत मंगलकारी, अनंत कल्याण करने वाली, अनंत महिमा का विस्तृत गुणगान किया। उन्होंने कहा व्यक्ति को कभी भी तुच्छ चीजों के लिए भक्ति नहीं, बल्कि स्वयं भगवती को ही प्राप्त करने के लिए भक्ति करनी चाहिए। ऐसी दिव्य पवित्र भक्ति से प्रसन्न हुई मां स्वयं जब किसी को मिल जाए तो उसके जीवन में किसी चीज की कमी कभी नहीं रह सकती। पूज्यपाद जगद्गुरु ने कहा कि इस धरा पर जन्मे प्रत्येक प्राणी के जीवन में समस्याएं आना तय है, मगर भगवती की कृपा से उनसे पार पाने वाला व्यक्ति कभी समस्याग्रस्त नहीं रह सकता। वे बोले कि जीवन में चिंता, डर, संकट, दुख आदि अज्ञानता से ही आते हैं, अज्ञानता मिटाने अथवा ज्ञान के प्रकाश के लिए सच्चे सद्गुरु की शरण होनी आवश्यक है। इस दौरान थाईलैंड, म्यांमार, बैंकॉक आदि देशों में आए भूकंप आदि प्राकृतिक आपदा के लिए लोगों की स्वछंद जीवन शैली तथा प्रकृति, पृथ्वी से छेड़छाड़ को जिम्मेवार बताया। सर्वदा सुखी रहने के लिए प्रकृति से जीवन को जोड़कर रखने की प्रेरणादाई सीख देते हुए पूज्यपाद जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज ने यह भी कहा कि शक्ति, ज्ञान, समृद्धि तीनों सद्गुरु की निश्रा से मिलते हैं और जिसके पास यह तीनों हो वही पुण्यशाली कहलाता है। विकृतियों एवं व्यसनों से बचने तथा अपने बच्चों को संस्कारी, सदाचारी बनाने की सीख भी उन्होंने दी। साधना के शिखर पुरुष पूज्यपाद जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरी जी ने जीवन में चमत्कारी परिवर्तन लाने वाली नित्य 5 से 10 मिनट तक की जाने वाली गणेश, कश्यप एवं उत्तर बोधी मुद्राएं भी उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को सिखाई। श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम तमिलनाडु के हल्द्वानी उत्तराखंड चैप्टर के प्रमुख हेमंत पांडे ने बताया कि मंगलवार को विभिन्न व्यवस्थाओं में हेमंत पांडे के साथ प्रमोद पांडे, पंकज पांडे, नरेश साजवानी, विजय चौधरी, महेश खुल्बे, रमेश कांडपाल, संदीप बिनवाल, हेमा पांडे, स्वाति पांडे यतिन पांडे, भुवन जोशी आदि ने सहयोग किया। हेमंत पांडे ने बताया कि प्रतिदिन प्रात: से जप पूजा आराधना साधना के क्रम से शुरू हो रहे महोत्सव में शाम को काशी के विद्वान पंडितों के माध्यम से सर्व सिद्धि प्रदायक सर्व देवी देवता महायज्ञ में आहुतियां दी जा रही है।

# फड़ कारोबारियों में फड़ लगाने को लेकर जमकर हुई धक्कामुक्की

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**



वर्षभर विभिन्न गतिविधियों के लिए चर्चा में रहने वाला नैनीताल का मल्लीताल स्थित पंत पार्क एक बार फिर वित्तीय वर्ष के पहले दिन यानी मंगलवार को चर्चा में रहा। पंत पार्क से नगर पालिका कार्यालय की ओर विस्थापित किये गए फड़ कारोबारियों में फड़ लगाने को लेकर जमकर धक्कामुक्की हुई। मारपीट की सूचना संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल तक पहुंची तो उन्होंने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद शांत कर दो लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। बता दें कि पंत पार्क में निर्माण कार्य चलने के कारण फ ड़ों को पालिका कार्यालय के समीप विस्थापित किया गया है लेकिन फ ड़ लगाने को लेकर रोजाना फ ड़ कारोबारियों में विवाद हो रहा है। मंगलवार को भी कुछ लोगों ने आवंटित स्थल को छोड़ दूसरे फ ड़ों के आगे अपने फ ड़ सजा लिए जिससे फड़ कारोबारियों में आपसी विवाद होने लगा। इस बीच दोनों पक्षों में जमकर धक्कामुक्की हुई। हंगामा होने की सूचना संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल मौके पर पुलिस बल को पहुंच कार्रवाई के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस ने पहुंच विवाद शांत करवाया और दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि फड़ कारोबारी शाहनवाज और रीना के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

# स्थायी लोक अदालत ने सुलह समझौते के आधार पर बीमा कंपनी को दिया 10,50,000 रुपए की क्षतिपूर्ति का आदेश

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

पीड़िता केला देवी पत्नी तेजपाल निवासी वार्ड 4. महुआडावरा जसपुर ने स्थायी लोक अदालत में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के विरूद्ध मामले के निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। जिसकी सुनवाई उपरांत प्रभारी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत अब्दुल नसीम एवं सदस्या अर्चना पीयूष पंत की पीठ ने एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को प्रार्थिनी केला देवी को 10,50,000 रू0 की क्षतिपूर्ति राशि सुलह समझौते के आधार पर देने का आदेश जारी किया गया है।



# हल्द्वानी में पुनर्नवा महिला समिति ने किया महिला रामलीला का शुभारंभ

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में एक बार फिर रामभक्ति की गूंज सुनाई देने लगी है। पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामलीला का शुभारंभ हो गया।

पहले दिन नारद मोह की लीला का मंचन किया गया, जिसमें दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर गजराज सिंह बिष्ट रहे। यह महिला रामलीला 1 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित कीगयी। कार्यक्रम में पुनर्नवा महिला समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, प्रचार-प्रसार सचिव कल्पना रावत, महिला रामलीला की निर्देशिका भगवती बिष्ट, सह-निर्देशिका हेमा हर्बोला, कोषाध्यक्ष जानकी पोखरिया, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, उपसचिव मंजू बनकोटी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन में सभी कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आगामी दिनों में भी विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जाएगा, जिससे रामभक्ति की यह धारा निरंतर प्रवाहित होती रहेगी।



### हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ से माहौल हुआ भक्तिमय

**नैनीताल ।** नगर के सात नंबर स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को होने वाली हनुमान चालीसा पाठ शाम को 6 बजे शुरू हुआ, जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के सदस्यों के साथ मिलकर बूंदी का प्रसाद वितरित किया और कुछ हनुमान भक्तों ने अपने घरों में सामूहिक पाठ का आयोजन किया। बजरंग दल के प्रखंड सह संयोजक कुणाल बेदी के नेतृत्व में किए गए अनुष्ठान में भव्यांश, समृद्ध तथा मृदुल ,निक्की तथा आयुष व पीयूष आदि भक्तजनों ने भक्तिभाव से भाग लिया।

# रुद्रपुर में श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा निकली

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**



मंगलवार शाम को ट्रांजिट कैंप के फुटबाल मैदान से श्री खाटू श्याम जी की निशान यात्रा शुरू हुई। निशान यात्रा किच्छा बाई पास रोड, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, मुख्य बाजार,भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी खाटू श्याम मंदिर पहुंची। इसके बाद निशान यात्रा पुन: फुटबॉल मैदान पहुंच संपन्न हुई। निशान यात्रा पर 5100 भक्त हाथों में निशान लेकर चल रहे।निशान यात्रा में बैंड बाजा भी शामिल था। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,भारत भूषण चुघ, संजीव गुप्ता समेत अन्य अतिथि शामिल रहे।

# यूपी रोडवेज बस पर पथराव, हड़कंप,यात्री बाल बाल बचे

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**



हल्द्वानी जा रही यूपी रोडवेज बस पर कुछ युवकों ने पथराव कर दिया। इससे बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्री भी बाल बाल बच गए। चालक परिचालक ने लोगों की मदद से एक युवक को पकड़ लिया और डीडी चौक पर मौजूद सीपीयू को सौंप दिया। सीपीयू ने आरोपी को संबंधित पुलिस को बुला कर सौंप दिया। बताया जाता है कि मंगलवार दोपहर को

मुरादाबाद रीजन की पीतलनगरी डिपो की बस यूपी-78-केएन-0749 एक बजे के आसपास रुद्रपुर पहुंची। जहां से बस हल्द्वानी के लिए रवाना हुई। चालक के मुताबिक बस में करीब 20 यात्री सवार थे। डीडी चौक के पास से बस में पांच-छह युवक चढ़ गए। बस कुछ ही दूरी पहुंची कि उसमें चढ़े पांच-छह युवकों ने शोर करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। यह देख बस में सवार यात्रियों ने विरोध किया। इस पर परिचालक मुकेश कुमार ने उन्हें टोक दिया। इससे भड़के युवक बस से उतर गए और पथराव कर दिया। जिससे बस के शीशे टूट गए। बस में सवार यात्री बाल बाल बच गए। पथराव होता देख मौके पर अफरातफरी मच गई। यह देख लोग एकत्र हुए तो चालक परिचालक ने लोगों की मदद से भाग रहे एक आरोपी को दबोच लिया। सूचना पर सीपीयू प्रभारी गोधन सिंह, गणेश धपोला, विनोद कुमार के साथ पहुंचे और जानकारी ली।?बस को डीडी चौक पर लेकर पहुंचे। यहां पर सीपीयू इंचार्ज ने आरोपी से पूछताछ कर अन्य युवकों की जानकारी ली। सीपीयू इंचार्ज ने बताया कि युवक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बस भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। बाद में चालक और परिचालक ने बस में सवार यात्रियों को दूसरे बस में शिफ्ट कर दिया। इधर चालक परिचालक ने घटना से अपने अधिकारियों को अवगत करा दिया। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।